राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

सादर प्रकाशनार्थ :-

जयपुर, 25 मई। जनता से बड़े-बड़े वादे कर सत्ता प्राप्त करने वाले प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की सच्चाई जनता के सामने उजागर हो चुकी है। सत्तर साल का हिसाब माँगने वाले अपने शासन के 8 वर्ष का हिसाब जनता को नहीं दे रहे है। उक्त विचार राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा ने अखिल भारतीय कांग्रेस सेवादल द्वारा निकाली जा रही आजादी की गौरव यात्रा के राजस्थान की सीमा से प्रस्थान के समय शाहजहाँपुर में आयोजित जनसभा को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किए।

श्री डोटासरा कहा कि केन्द्र सरकार की गलत आर्थिक नीतियों के कारण देश में महँगाई एवं बेरोजगारी बढ़ रही है। पेट्रोल-डीजल एवं रसोई गैस के दाम आसमान छू रहे है। कपड़ा, दालें, खाद्य तेल सहित सभी आवश्यकता की वस्तुएं आम आदमी की पहुँच से बाहर हो गई है तथा 70 साल में सर्वाधिक बेरोजगारी दर वर्तमान में है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार देश में भय का माहौल बना हुआ है सभी कांग्रेसजनों को एकजूट होकर जनता के बीच संकल्प लेकर जाना होगा तथा श्री राहुल गाँधी के आह्वान पर भारत जोड़ो की बात करनी होगी। उन्होंने कहा कि अपनी राजनीति चमकाने के लिए भारतीय जनता पार्टी भाई को भाई से लड़ा रही है जबकि कांग्रेस पार्टी भारत जोड़ो के नारे के साथ समाज को एकजूट करने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि देश के विकास के लिए आवश्यक है कि वर्ष 2024 में केन्द्र से एनडीए की सरकार को हटाकर पुनः यूपीए की सरकार बनायी जाये। उन्होंने कहा कि राजस्थान में कांग्रेस सरकार जनकल्याण हेतु एक से बढ़कर एक योजनाएं लागू कर रही है, मुख्यमंत्री चिरंजीवी योजना जिसके तहत् प्रत्येक राजस्थानी को 10 लाख रुपये तक का ईलाज निःशुल्क है, कृषकों को बिजली बिलों में 1000 रुपये प्रतिमाह सब्सिडी दी जा रही है जिससे राजस्थान के आधे कृषकों के बिल शून्य आ रहे है। इसी प्रकार घरेलू उपभोक्ताओं को 50 यूनिट तक बिजली मुफ्त तथा उसके पश्चात् सब्सिडी दी जा रही है, इसी के साथ पानी, बिजली, सड़क, शिक्षा एवं स्वास्थ्य में बेहतरीन कार्य हुआ है तथा कोरोना महामारी के दौरान रोकथाम में प्रदेश देश के अव्वल राज्यों में है। उन्होंने कहा कि सभी कांग्रेसजनों का

2......

Created by Universal Document Converter

दायित्व है कि गाँव-गाँव, ढाणी-ढाणी जाकर लोगों के दु:ख, दर्द में शामिल होकर उनकी समस्याओं का निदान करें एवं सुनिश्चित करें कि राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक व्यक्ति को मिले। उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय कांग्रेस सेवादल द्वारा साबरमती आश्रम से राजघाट, नई दिल्ली तक निकाली जा रही आजादी गौरव यात्रा के दौरान सेवादल के कार्यकर्ताओं द्वारा उठाए गए कष्ट देश के अमर स्वतंत्रता सैनानियों द्वारा आजादी के संघर्ष की याद दिला रहे है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के सभी कार्यकर्ता जनता के बीच जाकर वर्ष 2023 में प्रदेश में पुन: कांग्रेस की सरकार बने तथा वर्ष 2024 में केन्द्र में कांग्रेस सरकार बनाएं, इस संकल्प के साथ कार्य करें।

अखिल भारतीय कांग्रेस सेवादल द्वारा गुजरात के साबरमती आश्रम से राजघाट, नई दिल्ली तक निकाली जा रही आजादी की गौरव यात्रा ने राजस्थान से प्रस्थान कर हरियाणा प्रदेश की सीमा में प्रवेश किया तथा राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा ने राजस्थान के शाहजहाँपुर बॉर्डर पर तिरंगा झण्डा हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री उदयभान को सौंप कर रस्म अदायगी की। इस अवसर पर अखिल भारतीय कांग्रेस सेवादल के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री लालजी भाई देसाई राजस्थान कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष श्री हेमसिंह शेखावत, हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के हरियाणा प्रदेश प्रभारी श्री विवेक बसंल तथा हरियाणा कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष पूनम चौहान उपस्थित रहे।

(स्वर्णिम चतुर्वेदी)
प्रवक्ता
मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter